## एक नजर में

### तुम्बा गांव में सक्रिय हुए चोर

**जावद।** जावद थाना क्षेत्र के ग्राम तुम्बा में गुरुवार रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने राजस्व विभाग से रिटायर्ड गिरदावर बंशीलाल नागदा के घर को निशाना बनाया और उनके गले से करीब चार तोला सोने की चेन व पेंडल उड़ा ले गए। जानकारी के अनुसार, बंशीलाल पिता मथुरालाल नागदा रात करीब 2 बजे घर में सो रहे थे, तभी अज्ञात चोर घर में घुस गए। चोरों ने पहले अलमारी व अन्य सामान खंगाला, फिर सोते हुए बंशीलाल नागदा के गले से सोने की चेन निकाल ली। सुबह उठने पर जब उन्होंने चोरी का पता लगाया तो तत्काल जावद थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पुलिस को सौंपी है, जिसमें चोरों की गतिविधियां साफ दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि तुम्बा और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ महीनों में 6 से 7 चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

### छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत पर कांग्रेस का कैंडल मार्च





**नीमच।** नीमच शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने छिंदवाड़ा में जहरीले सिरप से 16 बच्चों की मौत के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के इस्तीफे की मांग की। यह मौन कैंडल मार्च शहर के गांधी भवन से शुरू हुआ। प्रमुख मार्गों से होते हुए, यह विजय टॉकीज चौराहे पर समाप्त हुआ। यहां कांग्रेसजनों ने मासूम बच्चों की आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को पद से हटाने की मांग की। उन्होंने बच्चों की मौत के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश अहीर (एक), मोनू लॉक्स (दो), पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल, ब्रजेश मित्तल, ब्रजेश सक्सेना, नाथूसिंह राठौड़, भारतसिंह अहीर, मनोहर अम्ब, ओम दीवान, पृथ्वीसिंह वर्मा, हिदायत उल्लाह खान, बाबू सलीम, गजेंद्र यादव, योगेश प्रजापति, इकबाल कुरैशी, धर्मेंद्रसिंह परिहार, इलियास कुरैशी, जगदीश पुनर, नितिन हसीजा, अब्दुल हमीद, वैभव अहीर, मनमोहन सिंह, रोहित खैर, मुस्तफा राणा, गजेंद्र माहेश्वरी, बेबी मेहरा, मीना कुरील, हारून रशीद, गौरव गोयल और राजीव भास्कर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कर्ज से परेशान प्रदीप सेन ने खाई सल्फास हुई दर्दनाक मौत



**नीमच।** मकान बेचने को लेकर हुई धोखाधड़ी और कर्ज से परेशान प्रदीप सेन ने गुरूवार सुबह जहर की गोलियां खा ली। जिसके बाद परिजन आनन - फानन में प्रदीप को जिला चिकित्सालय ले कर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन गंभीर हालत में ज्ञानोदय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां देर रात उपचार के बाद प्रदीप सेन ने दम तोड़ दिया। प्रदीप सेन के पुत्र रितिक सेन ने बताया कि मेरे पापा कर्जदारों से परेशान थे। जिसके बाद हमनें मकान को बेचने का फैसला किया। हमने धर्मेंद्र परिहार के जरिए जगदीश प्रजापति को बगीचा नंबर 10 वाला मकान 27 लाख रूपए में बेचा। जिसके बाद टोकन के रूप में हमें 05 लाख रूपए प्राप्त हुए। समय गुजरने के बाद हमें 7.5 लाख रूपए और विक्रेता जगदीश प्रजापति द्वारा दिए गए लेकिन यह रूपया धर्मेंद्र परिहार द्वारा ले लिया गया। धर्मेंद्र ने प्रदीप को कहा था कि जब आप मकान खाली कर कब्जा विक्रेता को दे देंगे तब हम आपको पूरा पेमेंट कर देंगें। उसके बाद हम मकान खाली कर किराए के मकान में शिफ्ट हो गए लेकिन कब्जा छोड़ने के बाद धर्मेंद्र परिहार साफ तौर पर मुकर गया कि कोई पैसा नही हैं, चाहे जो करलो। जिसके चलते मेरे पिताजी ने यह कदम उठाया है, और उनकी मौत हो गई है। इस मामले मे द वॉचमैन पोस्ट ने आरोपी धर्मेंद्र परिहार से फोन पर बातचीत की। जिसमें उसने मृतक प्रदीप सेन से किसी भी तरह के लेन - देन और मकान की सौदेबाजी से साफ इंकार कर दिया।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर चिकित्सा महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम



**मंदसौर।** सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर डिन डॉ. शशी गांधी के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन फार्माकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कार्तिक, सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ईशान तथा बायोकेमिस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीकांत द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अंजलि बंसल, रवीना परमार, कशिश पटेल, श्यामु शर्मा, शिवानी चौहान और तन्वी सिंह के ग्रुप ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीनियर रेज़िडेंट डॉ. आकांक्षा आर्य ने किया। समापन अवसर पर मनोरोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. निशांत पटेल ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने इस वर्ष की थीम कृ मानवीय आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय मंदसौर की मानकक्ष टीम भी शामिल रही, जिसमें मनोवैज्ञानिक डॉ. ऋषिकेश्वर त्रिवेदी, उमंग काउंसलर प्रियंका शर्मा तथा मनोरोग नर्सिंग अधिकारी ज्योति बाला कुमावत उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त इंटर्न छात्रों का भी सराहनीय योगदान रहा।

# पारंपरिक परिधानों में सोलह श्रृंगार से सजी महिलाएं

- रचना फाउंडेशन परिवार ने मनाया प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन



**नीमच। सांस्कृतिक उत्थान, सामाजिक सरोकार, छिपी प्रतिभा प्रोत्साहन और अपनी भारतीय संस्कृति व परम्पराओ को बढ़ावा देने के साथ साथ महिलाओं को मंच प्रदान करने के जैसे अनेको लक्ष्य को लें कर रचना फाउंडेशन के तहत संचालित रचना राइजिंग वीमेंस क्लब 2019 से प्री करवचौथ सेलिब्रेशन का आयोजन करता आ रहा है।**

इसी क्रम में सभी मेहमान महिलाओं का वेलकम गिफ्ट के रूप में सुहाग का प्रतीक लाख का चूड़ा पहनाकर स्वागत किया गया द्य कार्यक्रम की संचालिका पूजा सिंहल व डॉ प्रियंका भारती ने सर्वप्रथम दीपप्रज्वलन प्रायोजक डीपी ज्वेलर्स द्वारा करवाया गया व गणेश वंदना के रूप में प्रियंका भारती ने आकर्षक प्रस्तुति दी। सभी रचनाओं और प्रतियोगीयों ने फनी गेम्स का आनंद लिया, साथ ही महिलाओं की पहली पसंद हाऊजी गेम का लुफ्त उठाते हुए अनेको गिफ्ट्स जीते। इसी बीच ज्योति शर्मा द्वारा महिलाओं के श्रृंगार पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कुछ मजेदार व हँसी के ठहाको से गूँजते हुए गेम्स आरती मोड़, आकांक्षा तलरेजा, पूजा केवलानी द्वारा खिलवाये गए।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथियों के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, तृप्ति दुआ, रज़िया अहमद, अमरजीत कौर, संगीता शर्मा, पिंकी एरन, मीना मनावत, किरण शर्मा व निर्णायक के रूप में रजनी खंडेलवाल व आरती गर्ग उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सबसे अद्भुत व खूबसूरत पल तब आया जब रचना ग्रुप की सभी सदस्याओं ने मिलकर बेहद आकर्षक व शानदार प्रस्तुति दी सुहाग गीतों पर, सच में बेहद सुंदर होने के साथ भावुक पल था सभी उपस्थित महिलाओं के बीच। सबसे खास बात ये थी इस नृत्य की कि इस प्रस्तुति में 30 वर्ष की आयु से लेकर 65 वर्ष तक कि संस्था सदस्या ने भाग लिया, इतना मनमोहक नृत्य भारती व्यास, मनीषा मौर्य, किरण तिवारी, आशा राठौड़, संध्या धीर, विनीता भटनागर, सरोज छाबड़ा, बानो पठान, अलका चोपड़ा, कीर्ति श्रीवास्तव, मोनिका सिंहल, आरती मोद, ज्योति मित्तल, रानी सक्सेना, आकांशा तलरेजा, पूजा केवलानी, डॉप्रियंका भारती, पूजा सिंहल, डॉ स्वीटी खंडेलवाल व संध्या नायर ने मिल कर सुहाग पर्व करवाचौथ नृत्य प्रस्तुति दे कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान बीच बीच मे फनी लेकिन तार्किक प्रश्नोत्तरी की गई व उसमे भी कई महिलाओं ने गिफ्ट्स जीते।

कार्यक्रम का सबसे भव्य व रोमांच से भरे हुए वो क्षण थे जब नीमच की लगभग सभी प्रतिष्ठित परिवारो की महिलाओं द्वारा अपनी भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में रैम्पवॉक किया जाता है, सभी आयु वर्ग की महिलाओं द्वारा इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया गया और आयु वर्ग को ही ध्यान में रखते हुए 45वर्ष से कम आयु व 45वर्ष से ज्यादा आयु की महिलाओं को दो केटेगिरिस में बांटा गया।

## प्रतिबंध के बावजूद नगर पालिका में दैवेभो की नियुक्तियां

- 2000 के बाद नियुक्त कर्मियों को हटाया जाएगा
- नियोक्ताओं पर भी कारवाई के आसार, विभाग ने माँगा रिकॉर्ड

**नीमच।** मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन विभाग ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की आगामी नियुक्तियों पर रोक लगा दी है, साथ ही सन 2000 के बाद नियुक्त किये गए देवेभो कर्मियों का रिकॉर्ड भी नगरीय निकायों से माँगा गया है। 80,000 कर्मचारी और उनके परिवार अपने भविष्य की अनिश्चितता से आशंकित हो गए हैं। विभाग ने 25 साल के दैनिक वेतनभोगियों के रिकॉर्ड की मांग की है, जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाए हैं।

### 25 साल का रिकॉर्ड तलब किया

नगरीय प्रशासन विभाग ने वर्ष 2000 से 2025 तक नगरीय निकायों, निगमों, मंडलों, विकास प्राधिकरणों और सहकारी संस्थाओं में नियुक्त दैनिक वेतनभोगियों का पूरा विवरण मांगा है। इसमें नियुक्ति की तारीख, सिफारिश करने वाले अधिकारी और स्थायीकरण की स्थिति शामिल है। विभाग ने स्पष्ट किया कि कुछ नगरीय निकायों द्वारा दैनिक वेतन पर की गई नियुक्तियां राज्य शासन के निर्देशों का उल्लंघन हैं। सभी निकायों को 25 अक्टूबर 2025 तक 28 मार्च 2000 के बाद की गई नियुक्तियों का ब्योरा जमा करने का निर्देश दिया गया है। 28-03-2000 के वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है की उक्त आदेश के बावजूद 2000 के बाद निकायों में दैनिक वेतन पर नियुक्तियां की गई जो की राज्यशासन द्वारा जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

## रामपुरा महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**रामपुरा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुरा में 10 अक्टूबर को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ.बलराम सोनी की अध्यक्षता में हुई उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी कार्य को करते समय मन में तनाव नहीं लेना चाहिए कार्यों को खुशी-खुशी करना चाहिए मानसिक स्वास्थ्य को बनाएं रखने के लिए सदैव खुश एवं प्रसन्न चित्त रहना चाहिए कार्यक्रम के प्रमुख विषय विशेषज्ञ डॉ.आसावरी**

खेरनार एवम प्रोफेसर मठुआ अहिरवार थे जिनके द्वारा वर्तमान संदर्भ में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की। डॉ.आसावरी खेरनार ने बताया की विश्व मानसिक स्वास्थ्य संगठन महासंघ की स्थापना 1948 में की गई है यह संगठन मानसिक स्वास्थ्य पर कार्य करता है इस संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष इसकी अलग-अलग थीम होती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा निवास करती है।

आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याए बढ़ती जा रही है दैनिक जीवन के कार्यों को संपन्न करने के लिए हमें तनाव नहीं लेना चाहिए और हमारे व्यक्तिगत जीवन के कार्य एवं अध्ययन क्षेत्र के कार्यों के बीच संतुलन बनाकर चलना चाहिए जिससे आपके मानसिक स्वास्थ्य मे संतुलन बना रहेगा एवं अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकेंगे क्योंकि तनाव की स्थिति में मनुष्य के शरीर में अनेक प्रकार की विकृतियों घर कर जाती है इसलिए हमें कार्यों को तनाव मुक्त होकर करना चाहिए। प्रोफेसर मठुआ अहिरवार द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने वाले साधनों के बारे में बताया उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में योग, ध्यान, प्राणायाम, आयुर्वेद एवं विभिन्न ऋतु में मनाए जाने वाले त्योहार थे जो मनुष्य के शारीरिक, मानसीक और आध्यात्मिक संतुलन को बनाए रखने में सहायक थे उन्होंने कहा कि व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए मानसिक स्वास्थ्य का संतुलित होना आवश्यक है विद्यार्थियों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए तनाव नहीं लेना चाहिए समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

## 12 अक्टूबर को 1200 बूथ पर 1 लाख 58 हजार 378 बच्चों को पिलाएंगे पल्स पोलियो की दवा

- पल्स पोलियो अभियान की जागरूकता रैली को नपा अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**मंदसौर। पल्स पोलियो अभियान के प्रति आमजन में जागरूकता लाने हेतु आज प्रात: 09:30 बजे जिला चिकित्सालय परिसर मंदसौर से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी. एस. चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में डॉ. सुरेश सोलंकी, जिला टीकाकरण अधिकारी, शासकीय नर्सिंग कॉलेज एवं मिरेकल नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएँ, उषा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं चिकित्सक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर जाएँ और पोलियो की दो बूंद पिलाकर देश को पोलियो मुक्त बनाने में योगदान दें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी. एस. चौहान ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष तक के 1,58,378 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1200 बूथ, 12 मोबाइल टीम तथा 34 ट्रांजिट टीम गठित की गई हैं। यह टीमें 12 अक्टूबर 2025 को बूथ पर तथा 13 और 14 अक्टूबर 2025 को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 12 अक्टूबर 2025 को प्रात: 9:30 बजे जिला चिकित्सालय परिसर, मंदसौर से किया जाएगा।



## मुआवजा राशि से वंचित किसानों को शीघ्र मिले राहत : भारतीय किसान संघ

**गरोठ। भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने शुक्रवार को तहसीलदार अर्जुन भदौरिया को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने हम अपना अधिकार मांगते हैं, किसी से भीख नहीं के नारे लगाते हुए खरीफ फसलों की क्षति का सर्वे कर मुआवजा राशि शीघ्र दिलाने की मांग की।**

संघ ने ज्ञापन में कहा कि सोयाबीन, मक्का आदि फसलों की खराबी वाले क्षेत्रों में सर्वे कर राहत राशि दी जाए। सोयाबीन व मक्का की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाए, भावांतर योजना से किसानों को नुकसान हो रहा है। कपास की खरीदी सीसीआई द्वारा शीघ्र शुरू की जाए और नमी की सीमा 20 प्रतिशत तक बढ़ाई जाए।

किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा राशि शीघ्र दिलाने, रबी सीजन में समय पर खाद आपूर्ति और बिना समर्थन मूल्य वाली फसलों (प्याज, लहसुन, आलू आदि) को भावांतर देने की मांग की।

ज्ञापन वाचन जिला मंत्री रामनिवास बैरागी ने किया। इस दौरान राजस्व प्रमुख नैनसिंह राठौड़, मंडी प्रमुख पूरा लाल पाटीदार, युवा प्रमुख सुरेश पाटीदार सहित आसपास के गांवों के अनेक किसान उपस्थित रहे।

**एक नजर** युवाओं की टीम करेगी उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित

## गंधर्व सामाजिक सेवा समिति ने नालछा माता मंदिर पर किया पौधारोपण



**मंदसौर। गंधर्व युवा सामाजिक सेवा समिति की बैठक शुक्रवार को नालछा माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें समाज के युवा शिक्षा एवं संगीत के क्षेत्र में केसे आगे बढे इसको लेकर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक विपिन जैन, संगीत महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि विश्वास दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील बसैर विशेष रूप से उपस्थित थे।**

विधायक विपिन जैन ने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा से जोड़ने की युवाओ की पहला अच्छी है। शिक्षित समाज से निश्चित हर परिवार को लाभ मिलेगा। आज समाज के युवाओं ने जो पधारोपण किया है निश्चित प्रशंसा का कार्य है। गंधर्व युवा समिति को जब भी आवश्यकता होगी मे हर समय आपके साथ रहुगा। गंधर्व युवा समिति द्वारा नालछा माता मंदिर पर शमी, तुलसी, आंवला के पौधों लगाये। गंधर्व युवा सामाजिक सेवा समिति की बैठक में समाज के वरिष्ठ मांगीलाल असवार प्रतापगढ़ ने कहा कि संगीत की शिक्षा के साथ ही उच्च शिक्षा को भी महत्व देना होगा। समाज में सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता है। सामाजिक कार्यकर्ता हरिओम गंधर्व ने कहा कि समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सभी शिक्षित युवाओं को एक मंच पर आगे आना होगा। साथ ही समाज में पिछड़े हुए परिवार की मदद करना होगा। समाज के युवाओं को शिक्षित कर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हमें आगे जाना होगा, कमजोर एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हुए परिवारों की मदद करना होगी।

सुनील गंधर्व चिरमोलिया ने कहा की सामूहिक विवाह करके भी हम समाज के अतिरिक्त खर्च को कम कर सकते हैं। जिसकी ओर ध्यान देना होगा। रमेश गंधर्व नेतावली ने कहा की युवाओ को समय का भी ध्यान देना होगा। समय प्रबंधन भी आवश्यक है। जितेन्द्र गंधर्व हाडी पिपलिया ने कहा कि समाज के शिक्षित एवं समाज में सहयोग करने वाले युवाओं का सम्मान करना होगा। सैनिक अर्जुन गंधर्व धतुरिया ने कहा कि समाज में सामाजिक कार्यक्रमो मे अतिरिक्त खर्च को कम कर समाज के लिए छात्रावास या बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में खर्च बढ़ना होगा। राहुल गंधर्व नाटाराम ने कहा कि हमें समाज को शासन की योजनाओं को लाभ दिलाने में भी अहम भूमिका निभानी होगी। राकेश गंधर्व चिरमोलीया ने कहा कि समाज के प्रत्येक कार्यक्रम में एक सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका का निर्वहन करना होगा। अभिषेक गंधर्व भुनियाखेडी ने कहा कि हमें अपने बचत की ओर भी ध्यान देना होगा। बालकिशन गंधर्व भरमपुरा ने कहा कि हमारी समाज उच्च शिक्षा में पिछड़ी हुई उन्हें आगे बढाना होगा। सुमित बामनिया मंदसौर ने कहा की हमे गरीब परिवार की कन्यादान करने मे भी सहयोग करना है। बालकृष्ण गंधर्व अफजलपुर ने कहा की हमारी समाज की जनगणना भी होना आवश्यक है। बैठक मे धारणा गंधर्व एव मनिषा गंधर्व ने भी सम्बोधित किया।